देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर

विश्वविद्यालय भवन,
इंदौर – 452 001

क्रमांकः गोपनीय/प्रायोगिक प./2025/152
दिनांकः– 30 JAN 2025

प्रति,
प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या/निदेशक,
समस्त संबद्ध महाविद्यालय
देवी अहिल्या विश्वविद्यालय
इन्दौर/धार/झाबुआ/खण्डवा/खरगोन/बड़वानी/बुरहानपुर/अलिराजपुर

विषय :–नई शिक्षा नीति के अन्तर्गत वार्षिक पद्धति स्नातक प्रथम वर्ष, द्वितीय वर्ष, तृतीय वर्ष एवं चतुर्थ वर्ष (NEP) (परम्परागत एवं स्ववित्त पाठ्यक्रम) सत्र 2024–25 की प्रोजेक्ट कार्य/इंटर्नशिप/इलेक्टिव एवं वोकेशनल विषय की मौखिक परीक्षाऐं आयोजित कर अंक प्रेषित करने संबंधी।

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषय पर निर्देशानुसार उच्च शिक्षा विभाग म.प्र. भोपाल के पत्र क्रमांक 72/188/सी.सी./21/अडतीस दिनांक 02/02/2022 के अनुसार सभी महाविद्यालय में स्नातक स्तर के प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ वर्ष (NEP) के प्रोजेक्ट कार्य/ इंटर्नशिप/इलेक्टिव एवं वोकेशनल विषय की मौखिक परीक्षा संपन्न की जाना है।

परियोजना (प्रोजेक्ट) कार्य/ इंटर्नशिप/ इलेक्टिव एवं वोकेशनल विषय की मौखिक परीक्षा सभी संकायों के सभी विषयों के लिए होगा, जिसमें सभी विषयों के लिए बाह्य परीक्षक नियुक्त करना होंगे।

2. स्नातक स्तर पर समस्त विषयों में प्रोजेक्ट /इंटर्नशिप / इलेक्टिव तथा वोकेशनल विषय की मौखिक परीक्षा कार्य, उसी विषय के शिक्षक (बाह्य परीक्षक नियमित/सेवानिवृत्त/कॉलेज कोड 28), जो देवी अहिल्या विश्वविद्यालय से संबद्ध हो, को परिनियम 29 के प्रावधान अनुसार आमंत्रित कर परीक्षा कार्य संपन्न कराया जाना है। प्राचार्य/प्राचार्या स्वयं के महाविद्यालय में कार्यरत शिक्षक को बाह्य परीक्षक के रूप में नियुक्त नहीं कर सकते।

5. **उपरोक्त हेतू परिनियम 29 के प्रावधानों के तहत बाह्य परीक्षक नियुक्त करने के लिए महाविद्यालय, के प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक को अधिकृत किया जाता है। कृपया उक्त कार्यवाही सम्पन्न कर जिन बाह्य परीक्षकों से प्रोजेक्ट/ इंटर्नशिप /इलेक्टिव एवं वोकेशनल विषय की मौखिक परीक्षा का कार्य संपादन कराया गया है, उनके नाम पद व महाविद्यालय का नाम आदि की सूची विश्वविद्यालय को आवश्यक रूप से प्रेषित की जाए।**

कृपया सी.सी.ई एवं प्रोजेक्ट कार्य/इंटर्नशिप/इलेक्टिव तथा वोकेशनल विषय की मौखिक परीक्षा के अंक कक्षावार/विषयवार अलग–अलग अंकतालिका (पर्ण/प्रतिपर्ण) में अनुक्रमांक सहित एम.पी. ऑनलाईन के माध्यम से भेजे जावे एवं एक प्रति हार्डकॉपी कम्प्यूटर सेंटर देवी अहिल्या विश्वविद्यालय खण्डवा रोड, इन्दौर में प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

नोट – अंक जमा करने की तिथि प्रथक से घोषित की जावेगी।

परीक्षा नियंत्रक

पृष्ठांकन क्रमांक/गोपनीय/प्रायोगिक प./2025/152
दिनांक :– 30 JAN 2025

प्रतिलिपि :–

1. अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा विभाग (म.प्र. शासन) इन्दौर ।
2. माननीय कुलपतिजी के सचिव, दे.अ.वि.वि.,इन्दौर ।
3. विभागाध्यक्ष, कम्प्युटर सेन्टर, दे.अ.वि.वि., इन्दौर ।